1.62 करोड़ रूपये का अवैध डोडा-चूरा पकड़ा, वाहन चालक फरार

डोडा-चूरा तस्करी में प्रयुक्त वाहन पिकअप व क्रेटा कार को भी पुलिस ने जब्त किया

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले की रायपुर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने 10 क्विंटल 81 किलोग्राम डोडा-चूरा जब्त किया है। अवैध मादक पदार्थ तस्करी में प्रयुक्त वाहन पिकअप व क्रेटा कार को भी जब्त किया गया है। जब्त मादक पदार्थों की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत करीब एक करोड़ 62 लाख रूपये है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश और एएसपी सहाड़ा रोशनलाल पटेल के सुपरविजन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रायपुर थाना प्रभारी को डीएसटी कांस्टेबल गोपालराम ने सूचना दी कि डीएसटी इंचार्ज अशोक कुमार व टीम गंगापुर से रायपुर की ओर आ रही दो संदिग्ध गाड़ियों का पीछा कर रही है। पुलिस ने रायपुर गौशाला के पास नाकाबंदी की तो सबसे आगे चल रही क्रेटा कार पुलिस को देखकर रुक गई। चालक कार छोड़ अंधेरे में भाग छूटा। उसके पीछे आ रही पिकअप को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो चालक वाहन को कच्चे रास्ते की ओर ले गया और पीछा करने पर वह भी वाहन छोड़कर जंगल में भाग गया।

रायपुर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने डोडा-चूरा जब्त किया।

- रायपुर पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने 10.81 क्विंटल डोडा-चूरा जब्त किया

पैदल जा रही महिला को सांड ने सींगों से उठाकर पटका : जोधपुर के मंडोर क्षेत्र के चैनपुरा बावड़ी में एक महिला को आवारा सांड़ ने अपने सींगों से उछाल दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को निजी अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक महिला सड़क पर पैदल जाते हुए नजर आ रही है। तभी अचानक से ही सामने से तेज स्पीड में सांड़ दौड़ता हुआ आया और उसने महिला को उछालकर दीवार की तरफ पटक दिया।

इसके चलते महिला घायल हो गई। काफी देर तक महिला सड़क किनारे ही पड़ी रही। बाद में एक अन्य महिला दौड़ती हुई आई और घायल महिला को उठाया।

घायल महिला का नाम सरोज है। घटना 22 सितंबर की बताई जा रही है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

खिरनी की नई प्रजाति की पहली उपस्थिति उदयपुर जिले में दर्ज

उदयपुर, (निसं)। राजस्थान की जैव विविधता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए खिरनी की नई प्रजाति की पहली उपस्थिति उदयपुर जिले में दर्ज की गई है। खिलौने बनाने के लिए उपयुक्त मानी जाने वाली इस लकड़ी की नई प्रजाति "राइटिया डोलीकोकारपा" को पूर्व वन अधिकारी एवं पर्यावरणविद् डॉ. सतीश कुमार शर्मा और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के फील्ड बायोलॉजिस्ट डॉ. अनिल सरसावन ने खोजा है। यह खोज उदयपुर जिले के उबेश्वर वन क्षेत्र और गोगुन्दा तहसील के ओबरा खुर्द गांव में हुई है। इस नई खोज के साथ उदयपुर में अब राहटिया वंश की खिरनी की कुल तीन प्रजातियां विद्यमान हो चुकी है।

- खिलौने बनाने के लिए उपयुक्त मानी जाने वाली इस लकड़ी की नई प्रजाति "राइटिया डोलीकोकारपा" की खोज उबेश्वर वन क्षेत्र और गोगुन्दा तहसील के ओबरा खुर्द गांव में हुई
- लगभग पचपन वर्ष बाद यह प्रजाति अब राजस्थान में दर्ज की गई है, जो राज्य के वनस्पति इतिहास में एक उल्लेखनीय घटना है

खिरनी की नई प्रजाति की पहली उपस्थिति उदयपुर जिले में दर्ज की गई है।

एक समय था जब खिरनी की लकड़ी से बने खिलौनों के लिए उदयपुर शहर देशभर में प्रसिद्ध था। उस समय खिलौने बनाने में दो प्रमुख प्रजातियों की लकड़ी का उपयोग किया जाता था।

पहली प्रजाति खिरनी, जिसे वैज्ञानिक भाषा में राइटिया टिंक्टोरिया कहा जाता है और दूसरी प्रजाति खिरना, जिसका वैज्ञानिक नाम राइटिया टोमेनटोसा है। नई खोजी गई राइटिया डोलीकोकारपा इसी परंपरा को नया जीवन देने वाली प्रजाति मानी जा रही है। राइटिया डोलीकोकारपा का पहला वैज्ञानिक उल्लेख वर्ष 1969 में नगर हवेली क्षेत्र के बोन्टावन से हुआ था, जब वनस्पति वैज्ञानिक के. बहादुर और एस.एस.आर. बैनेट ने इसे पहचाना। उनकी यह खोज 1978 में प्रकाशित हुई थी। लगभग पचपन वर्ष बाद यह प्रजाति अब राजस्थान में दर्ज की गई है, जो राज्य के वनस्पति इतिहास में एक उल्लेखनीय घटना है।

नई प्रजाति डोलीकोकारपा आकार में पूर्व ज्ञात खिरनी राइटिया टिंक्टोरिया से काफी मिलती-जुलती है, लेकिन इसके फलों की लंबाई इसे अलग पहचान देती है। जहां टिंक्टोरिया के फलों की लंबाई 15 से 50 सेंटीमीटर तक होती है, वहीं डोलीकोकारपा के फल 60 से 96 सेंटीमीटर तक लंबे पाए गए हैं। इतनी लंबी फली के कारण यह प्रजाति वन में दूर से ही पहचान में आ जाती है। इस खोज का विस्तृत विवरण हाल ही में प्रकाशित जर्नल ऑन न्यू बायोलॉजिकल रिपोर्ट्स के अंक 14, खंड 1 में दर्ज किया गया है, जो राजस्थान के वनस्पति शोध को नई दिशा प्रदान करने वाला है।

गर्भवती ने 108 एंबुलेंस में बच्चे को जन्म दिया

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के बनेड़ा से रेफर एक गर्भवती महिला ने भीलवाड़ा लाते समय 108 एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। एंबुलेंस में मौजूद नर्सिंग स्टाफ की तत्परता से मांडल के नजदीक सुरक्षित प्रसव कराया गया और जच्चा-बच्चा दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलों का झोपड़ा कुंवार निवासी रूपा पत्नी गोपाल कालबेलिया को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन पहले बनेड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से रेफर करने पर 108 एंबुलेंस पायलट प्रकाशचंद्र कुमावत महिला को जिला अस्पताल भीलवाड़ा ला रहे थे। रास्ते में मांडल के पास महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई और उसने नन्हे से स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। एंबुलेंस पर तैनात नर्सिंग स्टाफ एहसान अली ने तुरंत जच्चा-बच्चा दोनों को प्राथमिक उपचार देकर सुरक्षित प्रसव कराया। बाद में पायलट प्रकाश कुमावत की मदद से दोनों को जिला अस्पताल भीलवाड़ा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति सामान्य बताई।

खर्रा कल सीकर के दौरे पर रहेंगे

सीकर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 27 सितम्बर 2025 को सीकर के दौरे पर रहेंगे तथा विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 27 सितम्बर को प्रात:8 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रात: 10 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा बालाजी एण्ड कम्पनी के भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद राज्यमंत्री खर्रा सीकर से प्रात: 10.30 बजे पातुसरी के लिए प्रस्थान जायेंगे।

चूरू को मिली वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात



विधायक हरलाल सहारण ने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

चूरू, (निसं)। वंदे भारत एक्सप्रेस का चूरू रेलवे स्टेशन पर उद्घाटन गुरूवार को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक बीकानेर मोहिंदर सिंह ने आगंतुक अतिथियों व शहर के गणमान्यजनों का का स्वागत किया। इस दौरान मोहिंदर सिंह ने वंदे भारत एक्सप्रेस की खूबियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उद्घाटन की पूर्व संध्या पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस चूरू के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वंदे भारत ट्रेन के रूप में चूरू को तेज रफ्तार आरामदायक यात्रा और आधुनिकतम सुविधाओं की सौगात मिली है। उन्होंने आमजन से अपिल करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का सपना देखा है, उसे पूरा करने का प्रयास करें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत, फतेहचंद सोती, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा व जिला मंत्री दीनदयाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया। नोडल अधिकारी मोहिंदर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर अमर सिंह लखारा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालान, अख्तर खान, नरेन्द्र सैनी, राकेश भाकर, रणवीर दैया सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी व जन प्रतिनिधी उपस्थित थे।

महिला की मौत

उदयपुर, (निसं)। अम्बामाता थाना क्षैत्र में बाइक से गिरने पर घायल महिला की मौत हो गई। बुधवार को अम्बामाता थाना क्षैत्र ब्रह्मपोल रोड़ पर बाइक से गिरने पर गांधीनगर ओडबस्ती निवासी तारा (40) पत्नी कालू ओड़ गंभीर घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया था।

पूर्व मंत्री ने अवैध खनन में अभियंता व पुलिस की सांठगांठ का आरोप लगाया

करौली, (निसं.)। जिले में बढ़ रहे अवैध खनन कार्य पर प्रतिबंध लगाने के लिए पूर्व पंचायत राज मंत्री रमेश चंद मीणा ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्होंने अवैध खनन में खनिज विभाग के अभियंता और पुलिस की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कुछ अवैध खननकर्ताओं को नामजद करते हुए किसी निष्पक्ष और ईमानदार पुलिस अधिकारी से जांच करने की मांग की है।

- पूर्व पंचायत राज मंत्री रमेश चंद मीणा ने मुख्यमंत्री के नाम का एसपी को ज्ञापन सौंपा

पूर्व मंत्री रमेश चंद मीणा ने ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि करौली में पुलिस में खनिज विभाग अभियंता की मिलीभगत से भारी मात्रा में अवैध खनन कार्य चल रहा है, जिसमें राज्य सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है और अवैध खनन का व्यापार पनप रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से श्री राम माइन्स एंड मिनरल कावटी केलादेवी ग्रिट उद्योग मनोहरपुरा रफीक खान मनोहरपुरा रामपुरा मिनरल रामपुरा अवैध खनन कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि इन सभी खनन पट्टों पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड राजस्थान से कंसेंट तू ऑपरेटर प्राप्त नहीं है। यह सभी क्षेत्र ईको सेंडस्टेव जोन कैलादेवी रणथंभोर अभयारण्य में पड़ते हैं। उन्होंने ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि खनिज अभियंता द्वारा ग्राम बालोती खनिज पट्टा 21 एवं 22 को सपोटरा विधायक के दबाव में नियम विरुद्ध तरीके से निरस्त करके उक्त खनिज क्षेत्र में प्लांट बनाकर नीलामी कार्रवाई चालू की गई है, जिसमें राज्य सरकार को अधिक आय होना बताया गया, किंतु विधायक सपोटरा पर उसके परिवारजन द्वारा उक्त भूखंडों पर अवैध कब्जा कर लेने से उक्त भूखंड की नीलामी कैंसिल कर दी गई है। जिस खनन क्षेत्र में विधायक व उसके परिवारजन अवैध खनन जारी रह सके का आरोप लगाया है।

उन्होंने खनिज अभियंता के सहयोग से विधायक सपोटरा बालोती के खनन क्षेत्र में करीब 10 एक्टर भूमि पर अवैध खनन करने का आरोप लगाते हुए बताया कि अवैध रूप से गैर आबादी क्षेत्र में सड़क निर्माण कर दिया गया है। इस प्रकार खनिज अभियंता पर राजनीतिक संरक्षण के चलते भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है।

इस मौके पर जिला प्रमुख प्रतिनिधि प्रधान प्रतिनिधि के अलावा भूपेंद्र भारद्वाज सपोटरा प्रधान प्रतिनिधि धारा सिंह, पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष राजेंद्र मनेमा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए भ्रष्ट खनिज अभियंता धर्म सिंह मीणा और सहयोगी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में मुकदमा दर्ज कराकर कारवाई करने की मांग की।

करौली जिले में अवैध खनन को लेकर पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ ज्ञापन दिया।

सीसी सड़क बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन : -बूंदी के सिलोर से गरदड़ा जाने वाले रोड पर सीसी सड़क बनाने की मांग को लेकर नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू किया। ग्रामीणों का कहना था कि सिलोर से गरदड़ा 42 किलोमीटर लंबी सड़क है जो 50 से ज्यादा गाँवों को जोड़ती है। यह सड़क पिछले 35 साल से जर्जर अवस्था में है, जिसकी किसी भी सरकार ने कोई सुद नहीं ली। आए दिन हादसे होते रहते हैं तथा वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। पिछली सरकार द्वारा सीसी सड़क निर्माण के लिए 184 करोड रुपए का बजट पारित किया था लेकिन राजनीतिक कारणों के चलते अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। नाराज ग्रामीणों ने जाम लगाकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर सदर थाना पुलिस तहसीलदार अर्जुन लाल मीणा, अधिशासी अधिकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग मुकेश गौचर, एनएचएआई के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दो घंटे तक ग्रामीणों से समझाइश की तथा 19 नवंबर से सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा दिया।

शैक्षिक सम्मेलन कल से

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन (2025) 26 से 27 सितंबर तक शहीद सीताराम कुमावत एवं कन्हैयालाल ताम्बी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पलसाना में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए शिव कुमार लुनिवाल अध्यक्ष उप शाखा लक्ष्मणगढ़ ने बताया कि दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन में शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की जायेगी, जिसमें संगठन के राज्यस्तरीय, जिला स्तरीय व उप-शाखाओं के पदाधिकारी सदस्य व शिक्षक कर्मचारी भाग लेंगे।

'पाठ्यक्रम के साथ ही नवाचार करने चाहिए, जिससे जनजातीय छात्रों का विकास होगा'

बांसवाड़ा, (निसं)। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के सभागार में कुलगुरु एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों से संवाद में संबोधित करते हुए राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि छात्रों के बौद्धिक, चारित्रिक एवं शारीरिक विकास के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को विशेष पहल करते हुए योजनाबद्ध रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल बागड़े ने निर्देश दिए कि पाठ्यक्रम के साथ ही नवाचार करने चाहिए जिससे जनजातीय छात्रों का विकास होगा। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल आधुनिक शिक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से भी जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा में चिकित्सा, आयुर्वेद, अभियांत्रिकी, गणित, खगोल शास्त्र और स्थापत्य कला जैसे क्षेत्रों में विश्व को मार्गदर्शन देने वाली अनूठी धरोहर मौजूद है। राज्यपाल बागड़े ने उदाहरण देते हुए कहा कि सुश्रुत और चरक के चिकित्सा और आयुर्वेद संबंधी योगदान आज भी दुनिया में आदर्श माने जाते हैं। इसी प्रकार आर्यभट्ट और भास्कराचार्य ने गणित और खगोल विज्ञान में वह नींव रखी जिस पर आधुनिक विज्ञान खड़ा है। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों से परिचित कराना केवल इतिहास का स्मरण भर नहीं है बल्कि इससे उनमें गौरव बोध, आत्मविश्वास और नवाचार की प्रेरणा उत्पन्न होगी। यदि छात्र आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अपनी परंपरागत ज्ञान-व्यवस्था की गहराई को समझेंगे तो वे समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नए समाधान खोजने में सक्षम बनेंगे।

गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के सभागार में कुलगुरु एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों से राज्यपाल बागड़े ने संवाद किया।

राज्यपाल ने कहा महाविद्यालयों को सम्बद्धता प्रदान करने से पूर्व वहां के भौतिक संसाधन एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। योग्य शिक्षकों की नियुक्ति में कठोरता अपनाने और खेल सुविधाओं के विकास के लिये ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए केवल पोस्टर लगाने से अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि छात्रों को व्यक्तिगत रूप से जागरूक करना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए आदर्श गांवों में सायंकालीन व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने निर्देश दिये कि नियमित रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास विद्यार्थियों में खेलकूद के साथ अनिवार्य किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में राजस्थान के समृद्ध इतिहास और बप्पा रावल जैसे महान वीरों पर आधारित साहित्य का समावेश होना चाहिए। साथ ही महाभारत, रामायण, वेद, उपनिषद एवं शास्त्रीय साहित्य के संकलन को भी उपलब्ध कराना आवश्यक है।

राज्यपाल ने निर्देश दिए कि शोध कार्यों में स्थानीयता के विषयों को प्राथमिकता दी जाए। परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता एवं गोपनीयता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र निर्माताओं से शपथ-पत्र लेने जैसे ठोस प्रावधान किए जाएं। राज्यपाल ने यह भी निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आह्वान का अनुसरण करते हुए विश्वविद्यालय तथा छात्र अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तु और संसाधनों का उपयोग करें। कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और गतिविधियों का वृत्त प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव कश्मी कौर राँन, वित्त नियंत्रक हितेश गौड, उप कुलसचिव प्रो. राजेश जोशी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव, अकादमिक प्रभारी प्रो. शफकत राना, शोध निदेशक प्रो. नरेन्द्र पानेरी, सम्बद्धता प्रभारी अधिकारी डॉ. राकेश डामोर, प्राचार्य अभियांत्रिकी डॉ. अर्पित पाठक, सहायक कुलसचिव परीक्षा डॉ. लोकेन्द्र कुमार, सहायक लेखाधिकारी प्रथम लेखराम भास्कर, शैक्षिक सलाहकार प्रो. महिपाल सिंह राव, खेल सलाहकार अनिल शर्मा, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय चिराग त्रिवेदी एवं कनिष्ठ लेखाकार शुभम पंड्या मौजूद रहे।

- विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता : राज्यपाल बागड़े

मोर का शिकार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

लूणकरणसर, (निसं)। वन विभाग की टीम ने लूणकरणसर की रोही के जंगल में राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी युवक कालूराम बावरी निवासी कुम्माणा बास लूणकरणसर ने रोही लूणकरणसर में मोर का शिकार किया था। शिकार की शिकायत आरोपी की पत्नी ने की थी। मंगलवार शाम को वन विभाग की टीम आरोपी के काश्त किए खेत में पहुंची। वहां पर मृत मोर के अवशेष बरामद किए थे। उस समय आरोपी मौके से फरार हो गया। उसने मोर का शिकार कर उसका मांस खाया। उसके बाद रात को पत्नी से मारपीट की। सुबह जब वह खेत से बाहर गया तो नाराज पत्नी ने ही उसकी शिकायत खेत मालिक से कर दी। इस पर वन विभाग ने मौके से साक्ष्य जुटाए। कालूराम बावरी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम तथा राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने के आरोप में मामला दर्ज किया। आरोपी मौके से फरार हो गया था। वन विभाग ने टीम ने आरोपी को रोही से गिरफ्तार कर लिया। वह रोही में छिपा हुआ बैठा था।

- मोर के शिकार की शिकायत आरोपी की पत्नी ने ही की थी

आबकारी की मुखबिर योजना में बदलाव

बीकानेर, (निसं)। आबकारी विभाग की मुखबिर योजना में अब अवैध शराब पकड़े जाने पर एक करोड़ की बजाय 10 लाख रुपए के राजस्व नुकसान पर भी इनाम मिलेगा। पहले एक करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान पर ही मुखबिर योजना का फायदा मिलता था।राजस्थान सरकार के वित्त विभाग ने मुखबिर योजना में संशोधन किया है।

पहले अवैध शराब पकड़े जाने पर अगर एक करोड़ रुपए का राजस्व नुकसान पाया जाता तो ही मुखबिर को इनामी राशि मिलती थी। लेकिन, अब एक करोड़ की बजाय 10 लाख रुपए के राजस्व नुकसान पर ही मुखबिर को 4 प्रतिशत नकद राशि इनाम में दी जाएगी। इसके अलावा पकड़े गए वाहन की कीमत का आंकलन कर उसकी भी 8 प्रतिशत राशि मुखबिर को मिलेगी। लेकिन, नए संशोधन में तय कर दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में मुखबिर को 15 लाख रुपए से ज्यादा का इनाम नहीं मिलेगा। यानी कि शराब चाहे एक करोड़ की हो या दो करोड़ रुपए की, मुखबिर को ज्यादा से ज्यादा 15 लाख रुपए ही मिलेंगे। वित्त विभाग के टैक्स डिवीजन की ओर से नई संशोधित मुखबिर योजना के आदेश जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि हरियाणा-पंजाब के बड़े पैमाने पर अवैध शराब की तस्करी होती है। करोड़ों रुपए की शराब राजस्थान के जिलों से होते हुए गुजरात पहुंचती है। इसके अलावा राजस्थान में भी तस्करी की शराब सप्लाई की जाती है। सरकार ने इस पर अंकुश लगाने के लिए मुखबिर योजना को ज्यादा लाभकारी बनाया है।

ठगी का मामला दर्ज

उदयपुर, (निसं)। प्रताप नगर थाना पुलिस ने आरोपी व साथी के खिलाफ खाता किराए देकर ऑनलाइन सायबर ठगी जरिये अवैध नकदी लेनदेन करने का प्रकरण दर्ज किया। सायबर क्राईम पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के अनुसार हेडकांस्टेबल मुकेश कुमार द्वारा की गई जांच में केनरा बैंक के खाताधारक कपील देवानायक व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जांच में आरोपी से की गई पूछताछ में उसने अपना बैंक खाता रिश्तेदार आकाश पुत्र सुरेशचन्द्र नायक निवासी सेणवास आमेट राजसमन्द हाल उमरड़ा को किराए पर देने की जानकारी आई। आरोपी के बैंक खाते से अवैध लेनदेन की शिकायतें सायबर क्राईम पोर्टल पर दर्ज होने पर की गई जांच में इसका खुलासा हुआ। जिसकी जांच एएसआई भगवतसिंह कर रहे हैं।